31 दिसम्बर तक निर्माणाधीन पीएम आवास को पूरा करें–आयुक्त

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना को देखने के लिए पुनः आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय दौरा किए। पूर्व में दिए गये निर्देशो के अनुसार कार्य के प्रगति की समीक्षा किए। मकान बनाने वाली एजेंसी को निर्देशित किए है कि 31 दिसम्बर तक जिन ब्लॉको की लाटरी हो चुकी है, उसके हितग्राही 50 प्रतिशत तक राशि जमा कर चुके है। उन मकानो के ब्लाक को समय अवधि में पूर्ण करें। जिससे हितग्राहियो को समय अवधि के अंदर मकान में शिफ्ट किया जा सके। अभी वर्तमान में 210 मकान एन.आर. स्टेट, 1120 मकान सूर्या विहार के पीछे चंद्रनिर्माण एजेंसी, 322 मकान कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे विनोद जैन एजेंसी के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है। आज निरीक्षण के दौरान नगर निगम के संबंधित अभियंता एवं एजेंसी के अधिकारियो को भी बुलाया गया था। उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो के प्रगति को देखकर आयुक्त ने कड़ा निर्देश दिए। यह भी कहा कि प्रथम कार्य मकान तक पहुंच मार्ग को पहले पूर्ण करें, जिससे हितग्राही आकर अपने मकानो का निरीक्षण कर सकें। जो भी पूर्व में खिड़की, दरवाजे, नल, पाईप, वांस बेसिंग इत्यादि लगाए गए है, सब व्यवस्थित होने चाहिए। किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी जिम्मेदार होगी, उसके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा, अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन, सहित संबंधित एजेंसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।